सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 31.03.2024

अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्य करते हुये इटावा पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित किया गया गिरफ्तार।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना चकरनगर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

संक्षिप्त विवरणः-

आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 31.03.2024 को थाना चकरनगर पुलिस द्वारा क्षेत्रान्तर्गत पालीघार अड्डा पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर 01 व्यक्ति को 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित **पालीघार अड्डा से समय 08.30 बजे गिरफ्तार किया गया।**

गिरफ्तार अभियुक्तः-

1. नरेन्द्र पुत्र रामऔतार निवासी ग्राम पालीघार अड्डा थाना चकरनगर जनपद इटावा उम्र करीब 23 वर्ष

पंजीकृत अभियोगः-

01.मु0अ0सं0 24/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चकरनगर जनपद इटावा।

बरामदगीः-

1. एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर

पुलिस टीम – निरी0 श्री सन्तोष कुमार कुशवाहा प्रभारी थाना चकरनगर ,उ0नि0 श्री सुभाष चन्द्र , हे0का0 हरनाम सिंह , का0 राकेश कुमार